खबर संक्षेप

## युकां अध्यक्ष ने शिक्षक पर मामला दर्ज करने की माँग

**कटनी।** बरही तहसील अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक स्कूल बालक के शिक्षक ने शिक्षा जगत को शर्मसार करने का कृत्य किया है। शिक्षक लाल प्रताप सिंह द्वारा उनके बैठ कर छोटे छोटे बच्चों को शराब पिलाई जा रही थी जिसका वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु मिश्रा अंशु ने वीडियो को संज्ञान में लेकर नेशनल कमीशन ऑफ़ प्रोटेक्शन ऑफ़ चाइल्ड राइट एवं एसपी कटनी को आपराधिक मुक़दमा पंजीबद्ध करने को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि यह घोर निंदनीय घटना है जिसने शिक्षक जगत को शर्मसार किया है। जिला प्रशासन ने शिक्षक को सस्पेंड करने की दिखावटी कार्यवाही की है जिससे हम संतुष्ट नहीं है। शिक्षक पर आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए जाने की माँग की है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के अध्यक्ष शुभम मिश्रा एवं प्रदेश सचिव अजय खटिक समेत समस्त पदाधिकारियों ने भी छात्र हितों में अशिष्ट शिक्षक पर आपराधिक मामला पंजीबद्ध ना होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

## अवैध वेंडरों पर कार्रवाई कर वसूल किया जुर्माना

**कटनी।** रेल प्रशासन ने आकस्मिक चैकिंग का अभियान चलाते हुए डेढ़ दर्जन से अधिक वेंडरों को पकडक़र कार्यवाही की और जुर्माना लगाया। जानकारी के मुताबिक मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर कमल कुमार तलरेजा के निर्देश पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर मधुर वर्मा के निर्देशन में कटनी जबलपुर रेलखंड के बीच ट्रेनों और प्लेटफार्म पर अवैध वेंडर्स के खिलाफ कार्यवाही की गई। मंडल की स्पेशल स्कॉड टीम ने आरपीएफ जबलपुर और कटनी की मदद से ट्रेन नंबर 12182 दयोदय एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 17610 पूर्णा पटना एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 22967 अहमदाबाद प्रयागराज एक्सप्रेस में दबिश दी। इस दौरान 18 अवैध वेंडरों को पकड़ा गया। जिसमे आरपीएफ कटनी को 11 और जबलपुर को 7 अवैध वेंडर हेंड ओवर किए गए। जिनके विरूद्ध रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं में 137, 138, 144, 145 के तहत कार्यवाही करते हुए जुर्माना किया गया। इस दौरान अनियमित टिकट पर यात्रा कर रहे यात्रियों के विरूद्ध भी कार्यवाही की गई।

## राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए 15 मई तक मौका

**कटनी।** राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार-2025 के लिए विमर्श पोर्टल पर 15 अप्रैल से शिक्षको से सीधे ऑन-लाइन आवेदन एवं नामांकन स्वीकार किये जा रहे हैं। आवेदन एवं नामांकन स्वीकार करने की अंतिम तिथि 15 मई 2025 है। राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के आवेदन की प्रक्रिया, पात्रता, चयन के मापदण्ड, समय-सारणी और अन्य जानकारी कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

## पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगी खेलवृत्ति

**कटनी।** जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह खेल वृत्ति मध्यप्रदेश शासन के खेल और युवा कल्याण संचालनालय द्वारा 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को दी जाएगी। खेल वृत्ति के तहत स्वर्ण पदक विजेताओं को 10 हजार रुपए , रजत पदक विजेताओं को 8 हजार रुपए, एवं कांस्य पदक विजेताओं को 6 हजार की राशि प्रदान की जाएगी। यह लाभ केवल उन्हीं खिलाड़ियों को मिलेगा जो राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। हालांकि, मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमी, प्रशिक्षण केंद्र, केंद्र, फीडर सेंटर या भारतीय खेल प्राधिकरण के अंतर्गत प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी आवेदन जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, से प्राप्त कर जमा कर सकते हैं।

### आम नागरिकों को लू- तापघात के प्रकोप से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

# गर्मी का कहर : आसमान से बरस रही आग

हरिभूमि न्यूज कटनी

मौजूदा समय में सूर्यदेव उग्र रूप में है। सूर्य किरणें आसमान से मानो आग बरसा रही हैं जिससे न सिर्फ आमजन बल्कि पशु पक्षी भी झुलस रहे हैं। सुबह सूर्य निकलने के एक से दो घंटे बाद ही धूप तीखी लगने लगती है जैसे जैसे दिन चढ़ता है धूप से हवाएं आग की लपटों के समान हो जाती है सड़क अंगारों सी तप जाती है। प्रचंड गर्मी को देखते हुए राज्य शासन के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग द्वारा आम नागरिकों को लू-तापघाट के प्रकोप से बचाव के लिए एडवायजरी जारी की है।

राज्य शासन के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग द्वारा जारी एडवायजरी के अनुसार त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिरदर्द होने पर बार-बार नहलाये, यदि फफोले निकल आये हैं, तो स्टरलाइज, ड्रेसिंग करें और चिकित्सक का परामर्श लें। पैरों, पेट की मांसपेशियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफदेह ऐंठन, अत्याधिक पसीना आने पर छायादार स्थल पर तत्काल ले जाए। ऐठन वाले शरीर के भाग को जोर से दबाए तथा धीरे-धीरे सहलाए। शीतल जल, छाछ अथवा आम का पना पिलाये। यदि उकबाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।



अत्याधिक पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर ठंडा होना तथा पीला पड़ जाना, सिरदर्द, नब्ज कमजोर पड़ जाना, मूर्छित हो जाना व उल्टी आने पर प्रभावित को छायादार स्थल पर लिटा कर शरीर पर ठंडा एवं गीले कपड़े से स्पंजिंग करें। संभव हो तो उन्हें वातानुकूलित कमरे में ले जाए। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं। यदि उबकाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दे तथा प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।

### ये हो सकते हैं लक्षण

अत्याधिक बुखार, अत्याधिक गर्म एवं सूखी त्वचा, तेज नब्ज बेहोशी हो सकती है। इससे प्रभावित व्यक्ति को पसीना नहीं आएगा। यह अत्यंत चिंताजनक एवं चिकित्सा की दृष्टि से आपात स्थिति है। तत्काल एम्बुलेंस 108 को बुलाएं तथा प्रभावित को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराएं। एम्बुलेंस आने तक उन्हें किसी शीतल वातानुकूलित स्थान पर ले जाएं। कपड़ों को ढीला कर आरामदेह स्थिति में लिटाएॅ। उनके शरीर पर ठंडा एवं गीले कपड़े से स्पंजिंग करें। किसी भी प्रकार का पेय पदार्थ पीनें को नहीं दें। आवश्यकतानुसार सीपीआर शुरु करें।

लू (तापघात) से बचाव के लिए पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय जैस लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरो-ताजा रहें। जहां तक हो सके दोपहर 12 से 3 बजे धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें। इसी तरह जानवरों को छाया में रखें और पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। अत्याधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोछे या कई बार स्नान कराये।

### अब दोपहर 12 बजे तक ही लगेंगे कक्षा 8 वीं तक के स्कूल

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने तापमान में लगातार हो रही वृद्धि और इसका विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुये जिले में स्थित विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया है। कलेक्टर द्वारा आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिले में स्थित सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त होकर जिले मे संचालित स्कूलों की कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन करते हुए निर्देशित किया है कि 30 अप्रैल तक अब कोई भी विद्यालय दोपहर 12 बजे के बाद संचालित नहीं होगा। कलेक्टर श्री यादव द्वारा विद्यालयों के समय में परिवर्तन करने के लिए शनिवार 19 अप्रैल को जारी किया गया यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा। कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी आदेश के मुताबिक परीक्षाएं एवं मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय अनुसार ही होंगे।

# अलग अलग ठिकानों से अवैध शराब की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज कटनी

स्लीमनाबाद पुलिस अलग अलग ठिकानों से अवैध शराब जब्त की है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद प्रभात कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में की गई है। थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखिलेश दाहिया ने बताया कि अवैध गतिविधियों की रोकथाम हेतु क्षेत्र के ग्राम सरसवाही मे कार्रवाई करते हुए लक्ष्मी प्रसाद पिता स्व. किशन लाल मिश्रा 52 साल निवासी सरसवाही के कब्जे से 16 पाव देशी शराब, अनिल उर्फ भूरा पिता स्व. हरि प्रसाद पाण्डेय उम्र 35 साल निवासी धरवारा के कब्जे से 19 पाव देशी शराब, सियाराम पिता फागू कोल उम्र 52 साल निवासी कारीपाथर थाना स्लीमनाबाद के कब्जे से 18 देशी लाल मसाला शऱाब अवैध शराब रखे हुए पकड़ी। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया। अवैध शराब पकड़ने मे निरीक्षक अखलेश दाहिया, सउनि जुबेर अली, आर. मनीष पटेल, आर. अभिषेक सिंह, आशीष की भूमिका रही।

## बेरोजगार युवाओं को 50 लाख तक का मिलेगा ऋण

**कटनी।** शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यम क्रान्ति योजना अतंर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। उद्यम क्रान्ति योजना में सामान्य वर्ग एवं पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के बेरोजगार युवाओं को निर्माण क्षेत्र के लिए 50 लाख रूपये और सेवा क्षेत्र तथा व्यवसाय (रिटेल विक्रेता) हेतु 25 लाख रूपये का ऋण एवं वाणिज्यिक पंजीयन वाले वाहन के लिए 25 लाख रूपये तक ऋण वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से प्रदान किया जाता है। योजना में ब्याज अनुदान 03 प्रतिशत की दर से अधिकतम 7 वर्षों तक (मोरेटोरियम अवधि सहित) तक दिया जाएगा। योजना हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण है एवं आयु अधिकतम 18-45 वर्ष तक के आवेदक योजना में आवेदन हेतु पात्र होगें। आवेदन के इच्छुक युवा समस्त पोर्टल एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में जमा करा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में कार्यालयीन समय पर सम्पर्क किया जा सकता है।

*साधूराम स्कूल परिसर में चल रहे पुस्तक मेले का समापन आज*

# विद्यार्थियों के लिए हुई प्रश्नमंच प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज कटनी

साहित्य समाज का दर्पण है, किंतु साहित्य समाज को परिवर्तित करने का भी प्रमुख अंग होता है, एक साहित्य के छात्र के रूप में अपने आप को हमेशा नई चीजों को सीखने के लिए हमेशा अग्रसर रहना चाहिए। उक्त आशय के उद्गार जिले के पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने 12वीं राष्ट्रीय साहित्य पुस्तक मेला एवं साहित्य महोत्सव में साधुराम विद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांत के गौसेवा संयोजक राजकुमार जैन ने वर्तमान समय में गौ सेवा का महत्व बताया और और गौ उत्पादों को अधिक से अधिक क्रय करने का आग्रह किया।





साधुराम विद्यालय प्रांगण में शनिवार को विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों की प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। जिसमें भारत के सभी महापुरुषों के बारे में जानकारी और भारतीय संस्कृति से संबंधित प्रश्न पूछे गए। आज सायं 5:30 बजे से विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय के बच्चों के द्वारा बहुत ही सुंदर देशभक्ति से परिपूर्ण नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। 16 अप्रैल से प्रारंभ हुए पुस्तक मेले का समापन आज 20 अप्रैल को होगा। रविवार को पुस्तक मेले में विष्णु हरि डालमिया की पुस्तक आक्रांता कुरता और षड्यंत्र का विमोचन होगा और मध्य प्रदेश शासन शिक्षा एवं परिवहन मंत्री तथा कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह और प्रांत प्रचारक बृजकांतजी के द्वारा विधिवत समापन किया जाएगा। पुस्तक मेले में देश भर के 24 प्रकाशन आए हैं तथा कई स्वदेशी और साहित्य के स्टाल भी लगे हुए है।

### चलती बुलेट बाइक में लगी आग से मची अफरा तफरी



कोतवाली थाना अंतर्गत सत्यनारायण मंदिर के पास शनिवार को चलती बुलेट में आग लग गई। रिहायसी इलाके में एक बुलेट में अचानक लगने से अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि एक व्यक्ति बाजार से घर जा रहा था तभी मस्तराम अखाड़ा सत्यनारायण मंदिर के पास अचानक चलती बुलेट मे आग लग गई। जलती बाइक को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इस दौरान बुलेट चालक ने बड़ी सूझ-बूझ से गाड़ी से कूद कर खुद की जान बचाई। स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाई गई। प्रत्यक्षदर्शी राजू कुशवाहा ने बताया कि एक युवक बुलेट बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह मस्तराम अखाड़ा सत्यनारायण मंदिर के पास पहुंचा तो बुलेट के इंजन के पास से धुआं निकलने लगा। उसने बाइक खड़ी कर दी। जलती बाइक को देखने लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने का कोशिश की।

### पर्यावरण संरक्षण और भूमि की उर्वरता बनाए रखने की दिशा में पहल

# हैप्पी एवं सुपर सीडर कृषि यंत्रों से किसान नरवाई में ही कर सकते हैं सीधी बुवाई

हरिभूमि न्यूज कटनी

नरवाई प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी, मध्यप्रदेश शासन द्वारा किसानों को हैप्पी सीडर और सुपर सीडर कृषि यंत्रों पर अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए कृषकों से ई-अनुदान डीबीटी पोर्टल (www.dbt.mpdage.org) के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

जिले के इच्छुक किसान 4500 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट सहायक कृषि यंत्री के नाम से बनाकर पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। हैप्पी सीडर पर अधिकतम 81 हजार 400 रुपए तथा सुपर सीडर पर 1लाख 20 हजार तक का अनुदान मिलेगा।

### आधुनिक तकनीक से नहीं जलाना पड़ेगी नरवाई

हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे उन्नत कृषि यंत्रों की सहायता से किसान धान, मूंग, गेहूं एवं सोयाबीन की कटाई के उपरांत खेत की खड़ी नरवाई में ही सीधी बुवाई कर सकते हैं। इन यंत्रों से एक ही प्रक्रिया में जुताई, बीज बुवाई और खाद डालने का कार्य संभव होता है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है। साथ ही, पराली जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

नरवाई या पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति घटती है और पर्यावरण प्रदूषित होता है। इससे लाभदायक सूक्ष्म जीव तथा केंचुए नष्ट हो जाते हैं और जैविक खाद निर्माण रुक जाता है। अतः किसानों से अपील है कि वे हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसी तकनीकों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें और अपनी भूमि की उपजाऊ क्षमता को बनाए रखें।

### सरकार की पहल से बढ़ेगा टिकाऊ कृषि की ओर कदम

सरकार की यह पहल किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर टिकाऊ कृषि प्रणाली की ओर अग्रसर करने का एक प्रयास है। अधिक से अधिक किसान इस योजना का लाभ उठाएं और उन्नत खेती की दिशा में कदम बढ़ाएं।

*ट्रैक्टर टालियों से रेत एकत्र कर महंगे दामों में कर रहे विक्रय*

# नियमों को ताक पर रखकर माफिया कर रहे अवैध उत्खनन, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ढीमरखेड़ा

उमरियापान क्षेत्र में बेलकुण्ड नदी के रास्तों पर अवैध रूप से रेत का उत्खनन शुरू हो रहा है। बेलकुण्ड नदी में पोंडी खुर्द, पोंडी कला, कछारगांव छोटा से घुघरा,घुघरी, बिछिया बरौदा,टोपी-धौरेशर तक नदी को बुरी तरह खोदकर उत्खनन किया जा रहा है। आसपास के क्षेत्रों में न केवल रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है, बल्कि परिवहन भी किया जा रहा है। जिसे रोकने का सिर्फ दावा लगातार जिला प्रशासन व खनिज विभाग द्वारा किया जाता रहा है। नदी में रेत माफिया स्थानीय मजदूरों से रेत का खनन कराते हैं। मौका पाकर ट्रैक्टर- ट्रॉलियों से नदी की खनिज संपदा को गांवों में लाकर महंगे दामों में बेचते हैं। जिससे



खनिज विभाग को लाखों रुपये राजस्व क्षति हो रही है। इसके बावजूद भी विभाग के जिम्मेदार रेत माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि माफियाओं ने नदी के बीच जगह जगह बड़े बड़े गढ्ढे बना दिये हैं। पानी की तलाश में भटक रहे मवेशी गड्ढों में गिरकर अपना दम तोड़ रहे हैं।

उमरियापान- ढीमरखेड़ा क्षेत्र में बगैर वाहन का पंजीयन कराए रेत, मुरुम और गिट्टी सहित अन्य खनिज संपदा का परिवहन नियम विरुद्ध हो रहा है। रेत का अवैध खनन होने से जलीय जीव बेमौत मर रहे हैं। माफियाओं ने नदी के किनारों को खोद-खोदकर छलनी कर दिया है, जिससे बेलकुण्ड नदी का स्वरूप ही बिगड़ गया है। रेत माफियाओ ने नदी के किनारे ही छोटे-छोटे टीले बनाकर रेत का स्टाक कर रखा है। बारिश के सीजन में जब बेलकुण्ड नदी उफान पर होती है, तब रेत माफिया स्टाक किए गए रेत को महंगे दामों में खपाते हैं। अवैध उत्खनन पर सख्त कार्रवाई के अभाव में रेत माफियाओं अपने काम में सफल हो रहे हैं।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम विन्की सिंहमारे का कहना है कि बेलकुण्ड नदी से अवैध तरीके से रेत निकाले जाने की शिकायत मिली है। नदी में रेत का उत्खनन रोकने तहसीलदार और नायाब तहसीलदार को निर्देशित किया है कि मौके पर पहुँचकर अवैध खनन कर रहे माफियाओं के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें।

### 30 अप्रैल तक पात्र परिवारों के ई-केवायसी पूर्ण कराने के निर्देश

# घर घर जाकर ई केवायसी पूर्ण कराने किया गया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज कटनी

राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 अंतर्गत सम्मिलित जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकानों के पात्र परिवारों के 30 अप्रैल, 2025 तक शतप्रतिशत हितग्राहियों के ई-केवायसी पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराई गई है। उन्हें विशेष अभियान के तहत घर-घर जाकर परिवारों की ई-केवायसी पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया गया हैं। शासन द्वारा ई-केवायसी के लिए ष्मेरा ई-केवायसीष एप जारी किया गया हैं, जिसके माध्यम से हितग्राही अपना स्वयं एवं अपने व अन्य




किसी परिवार के सदस्यो का ई-केवायसी कर सकते हैं। आपूर्ति विभाग द्वारा ष्मेरा ईकेवायसीष एप डाउनलोड करने के लिए लिंक दी गई है। जिसके अनुसार https://play.google.com/store/apps/details?id=com.nic.facialauth एवं https://play.google.com/store/apps/details?id=in.gov.uidai.facerd

### कैसे होगी ईकेवायसी

उक्त दोनो लिंक के माध्यम से एण्ड्राइड मोबाईल में ष्मेरा ई-केवायसीष एप डाउनलोड किया जा सकता हैं। एप में ई-केवायसी किए जाने की प्रक्रिया के लिए पात्र हितग्राहियों के आधारकार्ड में लिंक मोबाईल नम्बर में प्राप्त ओटीपी के आधार पर फेस ई-केवायसी विकल्प आने पर हितग्राही की ई-केवायसी करने संबंधी सहमति की घोषणा को स्वीकृत कर मोबाईल फोन का फ्रंट कैमरा ओपन होने पर अपना चेहरा गोले के अंदर दिखाया जाना होगा, उसका रंग हरा होने के बाद हितग्राही को अपनी पलको को कैमरों के सामने दो बार झपकाना होगा तत्पश्चात ई-केवायसी सफल होने पर मोबाईल स्क्रीन पर ई-केवायसी सफल का संदेश प्राप्त होगा।

इस एप के माध्यम से हितग्राही का बच्चा या वृद्ध होने के स्थिति में उनके माता-पिता या उनकी संतान किसी के मोबाईल फोन पर एप डाउनलोड कर ई-केवायसी की जा सकती हैं। ष्मेरा ई-केवायसी ष एप में हर हितग्राही के पास फोन की बाध्यता नहीं हैं अर्थात एक फोन से कई हितग्राहियों का ई-केवायसी किया जा सकता हैं, जिस हितग्राही का ई-केवायसी किया जाना है, उनका आधार से लिंक मोबाईल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त कर ई-केवायसी किया जा सकता हैं।

जिले के सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न प्राप्त करने वाले हितग्राहियों से अपील की गई हैं कि नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से की जा रही ई-केवायसी के लिए संपर्क करें अथवा शासन द्वारा जारी मोबाईल एप ष्मेरा ई-केवायसी के माध्यम से स्वयं अपने मोबाईल में एप डाउनलोड कर स्वयं का एवं परिवार के अन्य समस्त सदस्यो का ई-केवायसी करें। इसके अतिरिक्त किसी परिवार का कोई सदस्य जिले से मध्यप्रदेश के अंदर अन्य जिले में किसी कारणवश निवासरत हैं, उन्हे भी दूरभाष पर सम्पर्क कर ई-केवायसी करने हेतु सूचित करें, ताकि उन्हें शासन की योजना का शतप्रतिशत लाभ प्राप्त हो सके।

# ट्रांसपोर्ट व्यवसायी को अभिलेख प्रस्तुत करने सूचना पत्र प्रेषित

हरिभूमि न्यूज कटनी

**निगमायुक्त ने 7 दिवस के अंदर जानकारी देने के दिये निर्देश**

ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी द्वारा पूर्व में व्यवसाय हेतु भूखंड, प्लाट आवंटित किये जाने हेतु आवेदन नगर पालिक निगम में प्रस्तुत किया गया था। वर्तमान में नगर की सुचारू यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए ट्रांसपोर्ट नगर एवं भूमि आवंटन संबंधी प्रक्रिया प्रगतिरत है।

निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर प्राधिकृत अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में नगर के 11 ट्रांसपोर्ट व्यवसायी को भूमि आवंटन संबंधी आगामी कार्यवाही को दृष्टिगत रखते हुए ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से वर्तमान में व्यवसाय किये जाने का स्थल एवं प्रमाणित अभिलेख सहित आवश्यक जानकारी पत्र प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर समक्ष में प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया है।

प्राधिकृत अधिकारी राजस्व जागेश्वर पाठक द्वारा जिन व्यवसायी को जानकारी प्रस्तुत करने हेतु सूचना पत्र प्रेषित किया गया है उनमें राम ट्रांसपोर्ट सर्विस गुरु नानक धर्मकांटा के सामने, सुधांशु मिनरल्स रघुनाथगंज, आदित्य गुड्स ट्रांसपोर्ट, आजाद गोल्डन रोड लाईन्स, दीक्षित रोड लाइन्स शांति नगर, पटेल रोड करियर मिर्जापुर रोड, राजस्थान ट्रांसपोर्ट, केशरवानी ट्रांसपोर्ट एजेंसी कनकने स्कूल के पास, सुभाष चक्रवर्ती नई बस्ती, राज रोड लाइंस कटनी सहित मनोज ट्रांसपोर्ट एजेंसी शासकीय जिला चिकित्सालय रोड कटनी का नाम शामिल है।

# मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण और बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन ट्रैफिक में बन रहे बाधा

## सड़क पार करने से कतराते आ रहे नजर लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बेपटरी हो चुकी यातायात व्यवस्था का सबसे बड़ा असर नगर के बाजार क्षेत्र पर पड़ रहा है पहले जहां मुख्य मार्ग व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र हुआ करता था, वहीं अब यहां अतिक्रमण के कारण सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिसके कारण लोग मुख्य सड़क बाजार से कम, अन्य दुकानों से सामान खरीदते हैं। जाम से परेशान होकर ग्राहक अब सड़क पार करने से कतराने लगे हैं। जहां एक ओर व्यापारिक प्रतिष्तान बढ़ गए हैं तो वहीं दूसरी ओर खकरिया रोड के सकरे एवं जाम से भरपूर होने के कारण लोग अब वहां खरीदारी के बजाय वैकल्पिक मार्गों पर जाने लगे हैं









### व्यापारियों ने सड़क तक फैलाईं दुकानें

नगर परिषद द्वारा दी गई दुकानों की सीमा से बाहर जाकर अधिकांश व्यापारियों ने अपनी दुकानें बढ़ा ली हैं। वे सड़क तक अस्थाई शो केस और सामान रखकर दुकान का विस्तार कर लेते हैं और जो व्यापारी विस्तार नहीं किए हुए हैं, वह अपनी दुकान के सामने हाथठेले की दुकाने लगवा लेते हैं। ऐसे व्यापारियों से प्रतिदिन 200 से 300 रुपए वसूलते हैं। जिससे सड़क पर चलने के लिए जगह नहीं बचती है। नगर की यातायात व्यवस्था अब तक नहीं सुधरी है। जहां देखो वहां जाम की स्थिति निर्मित हो रही है नगर में अतिक्रमण व अव्यवस्थित यातायात से नगरवासी काफी परेशान हैं।

### मंडी मार्ग पर किसानों और रहवासी परेशान

वहीं दूसरी ओर सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना जनपद पंचायत मार्ग पर रहने वाले लोगों को करना पड़ रहा है जहां तीन साल से सड़क खस्ताहाल है जिसके कारण धूल-मिट्टी हवा में उड़कर लोगों के घरों में घुस रही है साथ ही लोगों को बीमार बना रही है तो वहीं दूसरी ओर इस मार्ग पर सबसे ज्यादा जाम जैसे हालात बनते हुए नजर आते हैं क्योंकि इस मार्ग पर कृषि मंडी के कारण आए दिन दर्जनों ट्रक कंटेनर साथ ही किसानों के ट्रैक्टर ट्राली व अन्य वाहन निकलने से जाम लगता है क्योंकि यह मार्ग खस्ताहाल होने के साथ ही सिंगल मार्ग है साथ ही इस मार्ग पर सभी सरकारी विभागों के कार्यालय बने हुए हैं जिसके कारण अधिकारी और जनप्रतिनिधि के वाहन गुजरते है और जाम मैं फंसकर रह जाते हैं।

### सड़क पर खड़े कर रहे वाहन

विभिन्न वार्डों में सड़कों पर वाहन खड़े रहने से मार्ग बाधित रहते हैं। यहां तक कि मुख्य मार्ग पर भी लोग अपने-अपने दो पहिया, चार पहिया सहित ट्रक, यात्री बस प्रतिष्ठानों के सामने प्रतिदिन खड़े किए जा रहे हैं। जिससे यातायात व्यवस्था के साथ नगर की व्यवस्था बिगड़ गई है। जो लोग मुख्य मार्ग एवं अन्य मार्गों पर अपना वाहन सड़क के पास खड़ा करते हैं, उन्हें इससे कोई सरोकार नहीं है कि उनके वाहन खड़े करने से मार्ग से गुजरने वाले अन्य लोगों को परेशानी होती है और ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ जाती है।

### 50 फीट का मार्ग 20 में तब्दील हो जाता है

नगर में तहसील कार्यालय से लेकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय तक मुख्य मार्ग लगभग 50 फुट चौड़ा है, लेकिन हालात 20 फीट जैसे हैं। क्योंकि मार्ग के दोनों ओर हाथ ठेले व बड़े वाहन चौबीसों घंटों खड़े रहते हैं जिसके कारण मार्ग चौड़ा हो जाने के बाद भी हमेशा संकीर्ण बना रहता है। इसके अलावा मुख्य मार्ग से नगर में जाने वाली सड़कों पर भी अव्यवस्थित होकर वाहन खड़े रहते हैं। साथ ही हाथ ठेले वाले भी सड़क पर आ गए हैं। जिससे वहां से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों को परेशानी होती है। पुलिस इस व्यवस्था को सुधारने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है। परिणामतः सामान्य लोग मुसीबत झेलने मजबूर हैं।

### लगातार मांग के बाद भी जिम्मेदारों की अनदेखी

जाम के हालात से जूझ रहे अन्य नगर वासियों द्वारा लगातार बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए पुलिस-प्रशासन से मांग की जाती रही है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कुल मिलाकर जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। पुलिस की अनदेखी से वाहन चालकों का मनोबल बढ़ गया है। इस वजह से जिसकी जहां इच्छा होती है, वाहन खड़ा कर चले जाते हैं।

### भटरिया मार्ग पर अक्सर लगता है जाम

नगर के भटरिया मार्ग के पास ही सभी शासकीय कार्यालय स्थित है। इसी मार्ग पर कृषि उपज मंडी पड़ती है। जिसके कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रकों, ट्रैक्टर-ट्राली का आना-जाना बना रहता है। यह नगर का सबसे व्यस्ततम मार्ग बन गया है और इसी मार्ग पर सबसे ज्यादा अतिक्रमण फैला है। इस मार्ग की सड़क भी कई जगह संकीर्ण स्थिति में पहुंच गई है। जिसके कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है

### बैंकों के सामने वाहनों की कतार

मुख्य मार्ग से एक बैंक की ओर जाने वाली गली में बैंक के सामने सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दो पहिया वाहनों की लंबी कतारें होने से यातायात हमेशा बाधित रहता है। बैंक में पार्किंग व्यवस्था न होने से लोग अपने वाहन बैंक के सामने खड़ा करके चले जाते हैं। उन्हें इससे कोई सरोकार नहीं रहता कि उनकी इस आदत से अन्य वाहन चालक कितने परेशान होते हैं। इसके अलावा नगर के अन्य मार्गों के हालात भी ऐसे ही हैं, इसके बावजूद सुधार के प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

### बदहाल ट्रैफिक सुधारने का करेंगे प्रयास

जब इस संबंध में तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी नीतेश जैन से बात की तो उन्होंने कहा कि मैं बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने का प्रयास करुंगा मैं आज से ही इस अव्यवस्था को दिखवाता हूं ताकि नगर के लोगों को जाम की परेशानी कम किया जा सके साथ ही नगर परिषद सीएमओ से भी बात करते हैं।

# 245 प्रधान अध्यापकों को दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

स्टार प्रोजेक्ट अंतर्गत जिले के समस्त प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के प्रधानाध्यापकों में लीडरशिप विकसित करने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं संस्थान भोपाल द्वारा शाला प्रबंधन एवं नेतृत्व विकास पर आधारित प्रशिक्षण जिले के प्रधानाध्यापकों में लीडरशिप के कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालय में समय-समय पर आने वाली समस्याओं के निवारण करने की क्षमता विकसित करने के लिए शासकीय विद्यालयों को वर्तमान दौर में स्थापित करने की दृष्टि से आवश्यक बदलावों को स्वीकार कर समन्वय स्थापित करने का गुण विकसित करने के लिए,सीखने सिखाने की प्रक्रिया सुदृढ़ करने के लिए, समालोचनात्मक चिंतन विकसित करने के लिए प्रधानाध्यापकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हटा में किया गया जिसमें द्वितीय चरण में जिले के 245 प्रधानाध्यापकों को प्रशिक्षण प्रभारी एके सिंह,आर पी विश्वकर्मा,विजय बहादुर सिंह रामस्वरूप चौरसिया,विजय आदर्श,माधव पटेल,दिनेश प्यासी, निरन सिंह,राजेश उपाध्याय,विमल पटेल द्वारा प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण में तकनीकी सहयोग मनीष दीक्षित और शिरीष चौरसिया किया जा रहा है।

## ट्रांस्फार्मर का किया जा रहा है मेंनटीनेंस कार्य

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा वितरण केंद्र के अंतर्गत तेंदूखेड़ा में ट्रांस्फार्मरो का मेनटीनेंस कार्य किया जा रहा है साथ ही जिन स्थानो की केबिले जल गई है या खराब हो गए उन्हे भी बदलने का कार्य चल रहा है। इसके अलावा ट्रांस्फार्मरो में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य भी चल रहा है। जिस कारण प्रतिदिन जिन ट्रांस्फार्मरो पर कार्य किया जा रहा है उसके अंतर्गत आने बाले मीटरो की बिजली सप्लाई लगभग दो घंटे के लिए प्रभावित हो रही है। यह कार्य लगभग तीन दिनो तक चलेगा। बिजली कम्पनी के लाईनमेन सुधीर पटेरियां ने बताया है कि वर्तमान में ट्रांस्फार्मरो का मेनटीनेंस कार्य किया जा रहा है मेंनटीनेंस का कार्य हो जाने पर आने बाले समय में बिजली उपभोक्ताओ को बिजली सुचारू रूप प्राप्त हो सकेगीं।

## खबर संक्षेप

### सार्थक अबेकस एकेडमी की ग्रेजुएशन सेरेमनी सम्पन्न

**दमोह।** डॉ. अग्रवाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत 17 वर्षों से संचालित सार्थक अबेकस एकेडमी द्वारा यूसीमास की ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित की गई। जिसमें लगभग 30 छात्र छात्राओं को ग्रेजुएशन की उपाधियों एवं मैडल प्रदान किए गए। एकेडमी की संचालिका श्रीमति स्वाति अग्रवाल ने बताया कि यूसीमास अभूतपूर्व बुद्धि विकास का कार्यकम है। इसके द्वारा बच्चों की फोटोग्राफिक मेमोरी, इमेजिनेशन, कॉन्सन्ट्रेशन, स्पीड एण्ड एक्यूरेसी, सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ता है एवं अस्थिमैटिक केलकुलेशन बहुत फास्ट होता है। इसके साथ ही यूसीमास की नेशनल एवं इन्टरनेशनल कॉम्पीटिशन में जीतने पर ब्रह्मसागर अरोरा एवं गीत नवानी को ट्रॉफी से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वर्तमान एवं पूर्व छात्र छात्राओं के माता पिता व परिजन एवं डॉ. अग्रवाल परिवार के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे एवं बच्चों को बधाई दी। अंत में आभार प्रदर्शन एकेडमी के प्रबंधक डॉ. अनुराग अग्रवाल ने किया।

### बृजपुर पशु अस्पताल से चिकित्सक हमेशा रहते हैं गायब, पशुपालक परेशान

**पन्ना।** पन्ना तहसील अंतर्गत ब्रिज पर में पशु चिकित्सा अस्पताल संचालित है लेकिन उक्त अस्पताल मे पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संदीप करेरिया चिकित्सालय से अक्सर गायब रहते हैं जिससे क्षेत्र के पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है पशुपालकों द्वारा बताया गया कि पशुओं को इलाज के लिए अस्पताल लाते हैं तो पशु चिकित्सक ही नहीं मिलते हैं जिससे पशुओं के इलाज नहीं हो पा रहा है इसके अलावा पशु मोबाइल बैन को भी फोन लगाने पर पशु चिकित्सक नहीं पहुंचते हैं इस क्षेत्र के अंतर्गत आधा सैकड़ा से अधिक ग्राम आते हैं क्षेत्र में अधिक मात्रा में लोगों द्वारा पशुपाल रखे हैं लेकिन इस प्रकार की लापरवाही से पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर से तथा उपसंचालक पशुपालन से संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# रिचकुडी रोड पर दो महीने से बीच सड़क पर पड़े पेड़ से आए दिन हो रहे हादसे

## पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी कर्मचारी कर रहे बड़े हादसे का इंतजार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेजगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हर्रई चौराहे से रिचकुडी सैलवाड़ा जाने वाले मार्ग पर लगभग तीन से चार किलोमीटर की दूरी पर दो माह पहले बीच सड़क पर एक सूखा विशालकाय पेड़ हवा में गिर गया था। जो कि आज तक सड़क पर पड़ा हुआ है लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा इस पेड़ को हटाने का प्रयास नहीं किया गया जिसके कारण हर दिन हादसे हो रहे हैं और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं दरअसल यह पेड़ आधी सड़क के हिस्से में पड़ा हुआ है जिसके कारण बाइक सवार, कार सवार सहित अन्य लोगों को यहां से निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है लोगों का कहना है जिस स्थान पर यह पेड़ पड़ा हुआ है वह ग्राम पंचायत महंगुवाकला में आता है लेकिन यहां के सरपंच सचिव का भी ध्यान नहीं दे रहे है कि इस पेड़ को हटावा दिया जाए। पेड के कारण आए दिन बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरकर घायल हो चुके हैं तो कुछ बाइक सवार रात के अंधेरे में तेज रफ्तार के कारण सीधे पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। इसके अलावा नई सडक के किनारे साईड सोल्डर नही भरे जाने के कारण बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर रहे है। यहां से गुजरने वाले राहगीरों और लोगों का कहना है पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता व मेंटेनेंस पर ध्यान नहीं दिया है। कुछ स्थानों पर सड़क के साइट सोल्डर किनारे मिट्टी का भराव नहीं होने से लोग अनियंत्रित गिर कर घायल हो रहे लोगों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी को इस समस्या के बारे में पहले ही अवगत करा चुके हैं लेकिन इस और ध्यान नहीं है जिससे प्रतीत होता है पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी कर्मचारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं ।

### इनका कहना है

पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ ब्हीपी खरे ने कहां है अभी तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है लेकिन मै आज ही कर्मचारियों को भेजकर सड़क पर पडे पेड़ को कटवाकर अलग करवा देता हू।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए हुआ भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

समीपस्थ ग्राम देवरा जामशा में 6 से 9 मई तक आयोजित होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव हेतु वैशाख कृष्ण पंचमी को पंचायत भवन परिसर में भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक उमादेवी खटीक ने दीप प्रज्वलित कर किया, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दिलीप कटारे उपजोन प्रभारी टीकमगढ़ एवं डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने वेदमंत्रों के साथ भूमि का पूजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवयुग के आगमन की पूर्व संध्या पर गांव गांव डगर डगर दिव्य वातावरण बनाने अंतरिक्ष में विचार प्रदूषण को दूर कर सत्कर्मों के माध्यम से. जन-जन को जीवन जीने की कला सिखाना है। दिनेश दुबे ने 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ हेतु विगत तीन माह से चल रहे प्रयाज अंतर्गत 16 गांव में किए गए दीपयज्ञ ,अनुष्ठान एवं 384 गायत्री मंत्र लेखन की पुस्तक गांव-गांव में स्थापित करने का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने वैशाख मास का महत्व बताते हुए इसे माधव मास की संज्ञा दी। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम पटेल, बी पी गर्ग जिला समन्वयक, पंकज हर्ष श्रीवास्तव, दिलीप कटारे, गोपाल पटेल , लक्ष्मण तिवारी, हरि नारायण चौकरया, बहादुर पटेल ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती मनीषा दुबे, विद्या राजपूत,लता गर्ग, श्रीकृष्ण प्रताप सिंह लोधी, महेश्वर सिंह परिहार,शैलेष पटेल, रामस्वरूप दुबे, रामविशाल खिरा, कमल दुबे, जयप्रकाश नेमा, सुशील सेलट , लोकेन्द्र प्रताप सिंह राजपूत, नोने सिंह राजपूत, रामदास अहिरवार की उपस्थिति रही। भूमिपूजन समारोह में दमोह व पन्ना जिले के परिजन, जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासी एवं देवरा ग्राम के लोगों की उपस्थिति रही कार्यक्रम के अंत में यज्ञ सहसंयोजक सरपंच नारायण सिंह पटेल ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## जल जीवन मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न

# गांव-गांव तक पानी पहुँचे यह पहली प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिन गांवो में पानी नहीं पहुँच रहा हैं,अधिकारी निरीक्षण करें, भीषण गर्मी के समय में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना बहुत जरूरी हैं। गांव-गांव तक पानी पहुँचे सरकार की पहली प्राथमिकता हैं, सरकार ने इस संबंध में महत्वपूर्ण कदम उठा रही हैं। अधिकारी लगातार फील्ड पर जाए ताकि वस्तु स्थिति स्पष्ट हो सके। गांव-गांव तक पानी पहुँचाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। किसानों को भी सिंचाई का पानी पर्याप्त मिले साथ ही आमजनो को भी परेशानी ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। इस आशय के निर्देश प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जल जीवन मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक के दौरान दिए। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर विशेष रूप से मौजूद रहे।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा बैठक का उद्देश्य मुख्य रूप से पेयजल के लिए और सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा करना था। जिन गांवों में नल जल योजना संचालित हो रही है, कहीं मोटर खराब तो कहीं पाइपलाइन की दिक्कत, कहीं सोर्स नहीं है, उन सब के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा समय सीमा के अंदर जो भी व्यवस्थाएँ हैं उनको ठीक किया जाए, ऐसे अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा सिंचाई परियोजना करीब 2500 हजार करोड़ की परियोजनाएं हैं। उन परियोजनाओं से कई जगह जिन लोगों को अभी तक पानी नहीं पहुंचा, उसकी समीक्षा भी की गई हैं। उक्त कार्य कब तक होगा और इसके बारे में सिचाई मंत्री जी, एसीएस इरिगेशन और सभी ए एन सी से लेकर के नीचे तक के अधिकारी के साथ बैठक कर समीक्षा की जायेगी जिसका समय लगभग अगली कैबिनेट के दिन मतलब मंगलवार को तय हुआ है।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा अधिकारियों को निर्देश किया गया हैं सम्पूर्ण तैयारी के साथ आप वहाँ पहुंचे, जिससे कि हम वस्तु स्थिति से अवगत हो सके और गांव में किसानों को कब तक पानी पहुंचेगा, उससे भी हम किसानों को बता सके। इस अवसर पर एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया, जल जीवन मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पुस्तकालय ब्रिज कोर्स एवं उमंग कॉर्नर की सामग्री का हुआ वितरण



**दमोह।** उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में प्राचार्य समीक्षा बैठक आयोजित की गई। नए सत्र में विद्यार्थियों के प्रवेश, पुस्तक वितरण, अपार आईं डी के शेष बचे प्रकरणों की समीक्षा, पुस्तकालय एवं उमंग से संबंधित बिंदुओं पर विशेष रूप से समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा ने कहा सभी प्राचार्य अप्रैल माह के अंत तक सभी कक्षाओं में विद्यार्थियों के प्रवेश करते हुए विमर्श पोर्टल पर संबंधित सभी प्रकार की प्रविष्टियों को पूर्ण करेंगे। कोई भी विद्यार्थी पुस्तकों के लिए वंचित न रहे, उनके माता-पिता एवं गृह संपर्क कर सभी बच्चों को पुस्तकों का वितरण अनिवार्य रूप से किया जाये। छात्रवृत्ति से संबंधित जो भी विद्यार्थियों का डीबीटी शेष हैं, उसे प्राथमिकता से 30 अप्रैल के पूर्व करना है। उन्होंने कहा जो भी सामग्री आज पुस्तकालय ब्रिज कोर्स एवं उमंग कॉर्नर के संदर्भ में दी जा रही हैं उसका समय सीमा में उपयोग किया जाये। बैठक में एडीपीसी एस के असाटी, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आरपी पटेल, एपीसी मोहन राय एवं जिले के सभी विद्यालयों के प्राचार्य सम्मिलित रहे। बैठक दो पारियों में संपन्न हुई। प्रथम बैच प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय बैच दोपहर 02 से अपराह्न 04 बजे तक संचालित किया गया।

## निः शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**दमोह।** बॉसातारखेड़ा संरपच रोहन पाठक द्वारा स्वं. पं राजेन्द्र पाठक एवं स्वं पं हनुमान प्रसाद पाठक की पुण्य स्मृति के अवसर पर 5 वॉ निः शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न ग्रामों से आये करीब 1500 लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इनमें 400 लोगों को निःशुल्क चश्मा तथा 80 लोगो को चित्रकूट ऑपरेशन के लिए भेजा। आयोजक पं रोहन पाठक द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर डॉ प्रकाश राय (चर्मरोग), डॉ आभाष जैन एवं अभिलाष पांडे द्वारा सभी व्यक्तियों को निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ दिया गया।

## खबर संक्षेप

### रोड़ बम्होरी सेक्टर में जागरूकता बढ़ाने की पहल

**बनवार।** दमोह जिले के जबेरा में बाल विवाह की रोकथाम और लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से रोड़ एवं बम्होरी सेक्टर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ताओं का संयुक्त प्रशिक्षण शिविर ग्राम पंचायत सिमरी जालम में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर और जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर परियोजना अधिकारी रिंकल घनघोरिया के मार्गदर्शन में हुआ।जिसमें शासन के निर्देशों और जागरूकता बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई। आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को बाल विवाह रोकने के लिए शपथ दिलाई गई।सेक्टर पर्यवेक्षक कृष्णा नामदेव की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में ए एन एम निधि जैन, तथा बिनीता अहिरवार सचिव भवानी चौवे, आशा सहयोगिनी रश्मि राय तथा परिक्षेत्र रौड़ बम्होरी की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ आशा कार्यकर्ताओ की उपस्थित रही।

### बाईकों की टक्कर में दो युवक घायल

**दमोह।** नरसिंहगढ़ दो बाइको की भिड़ंत में दो युवक घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंहगढ चौकी क्षेत्र के कल्याणपुरा के वेयरहाउस के सामने दो बाइको की भिड़ंत हो गई जिसमें अभिषेक पटेल निवासी चिरोला, प्रेम पिता लड्डू आदिवासी हिंगवानी, नरेश पिता धीरजअहिरवार निवासी हिंगवानी घायल हो गये जिन्हे इ एंबुलेंस की मदद से दमोह जिला अस्पताल भेजा गया जहां उनका जारी है।

### शादी के बाद बस पर सामान लोड करते समय हादसा

# बस पर दहेज का सामान लोड करते समय युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया, गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले के रनेह थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। बारातियों से भरी बस पर दहेज का सामान लोड करते समय युवक विशाल पिता रमेश सिंह लोधी उम्र 30 वर्ष हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आ गया। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से झुलस गया, जबकि बस में सवार 40 यात्री बाल-बाल बच गए।- घटना शनिवार सुबह करीब 6:00 बजे की है, जब बारात पीपर खिरिया से रनेह ग्राम में आई थी- दूल्हा सत्यम लोधी की शादी संपन्न होने के बाद बस पर दहेज का सामान लोड किया जा रहा था। युवक विशाल बस की छत पर चढ़कर सामान लोड कर रहा था, तभी वह हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया।युवक को गंभीर हालत में हटा अस्पताल लाया गया, जहां से दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया। और दमोह जिला अस्पताल से भी युवक को जबलपुर रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि युवक अचेत अवस्था में है और कुछ बोल नहीं रहा है। बस दमोह गोला पट्टी डेली सर्विस चलाती है। घटना की सूचना मिलते ही रनेह थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वही बाराती दूसरे वाहन से वापस पीपर खिरिया पहुंच गए हैं। इस हादसे के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है और युवक के इलाज का खर्च भी एक बड़ा सवाल बना हुआ है। दमोह जिले में इस तरह के हादसे पहले भी हो चुके हैं,जिससे वस चालकों ने सबक नहीं लिया है।

## अंधे मोड पर दो हादसे : कार अनियंत्रित होकर जंगल में पलटी, दूसरी कार पेड़ से टकराई तीन गंभीर

### तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर नाग बाबा के समीप हुआ हादसा



**तेंदूखेड़ा।** जिले के तेंदूखेड़ा थाना अंतर्गत सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर झलोन मार्ग के अंधे मोड पर एक ही स्थान पर दो घटनाएं घटित हो गई। जिसमें एक कार अनियंत्रित होकर जंगल में जाकर पलट गई वहीं दूसरी कार पेड़ से टकरा गई जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कालेज रेफर किया गया। पहली घटना शुक्रवार की रात हुई जब दिल्ली से नागपुर जा रहे कार सवार की कार नागबाबा के समीप अनियंत्रित होकर सड़क छोड़ कर पलटी खाते हुऐ जंगल पहुंच गई। समय पर एयर बैग खुलने से कार चालक की जान बच गई दूसरी घटना उसी स्थान पर शनिवार सुबह हुई जब एक जानवर को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें तीन चार लोगों घायल हुए हैं।

### पूरा परिवार था सवार

कार क्रमांक सीजी 07 बीई 9975 में सवार छत्तीसगढ़ निवासी दम्पत्ति सागर होकर जबलपुर मार्ग से वापस छत्तीसगढ़ जा रहे थे जैसे ही इनकी कार बगदरी से तेंदूखेडा की ओर बड़ी उसी समय अंधे मोड़ पर सामने अचानक कोई जानवर आ गया जिसको बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई ओर सड़क छोड़ सीधे पेड़ से टकरा गई।घटना के बाद एक महिला ओर दो बच्चे घायल हुये है जबकि पुरुष को मामूली चोटे आई थी। घटना शनिवार सुबह चार बजे की बताई जा रही है डायल 100 को सूचना मिलने के बाद ड्यूटी पर मौजूद आरक्षक अजय सिंह ठाकुर, पायलट चरण सिंह लोधी मौके पर पहुंचे पहुंचे साथ ही 108 वाहन भी मौके पर पहुंचा 108 के वाहन चालक सुखदेव बेन ने बताया कि घटना में चार लोग घायल हुये थे जिसमें नरसिंह पिता राजदुलारे उनकी पत्नी प्रीति पुत्र नवनीत पिता नरसीग धाकड़ 12, दिव्यांशी पिता नर सिंह 9 सभी का उपचार तेंदुखेडा में हुआ उसके बाद मां और दोनों बच्चों को 108 की मदद से जबलपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। तेंदूखेड़ा थाने से मिली जानकारी के अनुसार ऑल्टो कार में छत्तीसगढ़ के नर सिंह धाकड़ अपने परिवार के साथ ग्वालियर गये थे जहां से लौटते समय उनकी कार तेन्दूखेड़ा की सीमा में नागाबाबा के समीप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें पत्नी एक बेटा और उनकी बेटी घायल हुई थी उपचार के बाद तीनो को जबलपुर रिफर किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# बटियागढ़ में नवनिर्मित पुलिस थाना भवन का हुआ लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बटियागढ़ में पुलिस थाना के नवनिर्मित भवन का आज लोकार्पण किया गया,मुख्य अतिथि राज्यमंत्री लखन पटेल ने फीता काटकर पुलिस थाना भवन का लोकार्पण किया, नवनिर्मित भवन में पूजा अर्चना कर पुलिसकर्मियों और जनता के लिए नया भवन समर्पित किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री लखन पटेल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी को नए थाना भवन की बधाई देता हूँ,नया थाना आपको समर्पित है,अच्छा वातावरण हो तो काम करने में मन लगता है, हम सिर्फ पुलिस के विषय मे एक पक्ष सोचते हैं, जबकि पुलिस हमारी सुरक्षा करती, पुलिस समाज को सुरक्षा देती और उन्ही की बजह से हम और आप सुरक्षित रूप से सभी त्यौहार मनाते हैं। आप सभी से अपील है, कि जनता को सम्मान के साथ बैठाकर उनकी बात सुनी जाए ताकि उन्हें अच्छा लगे।

राज्य मंत्री श्री लखन पटेल ने कहा आप सभी अच्छा काम करे अच्छी सुविधाएं मिले सभी को हमारी शुभकामनाएं है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि नवीन थाना भवन पर आप सभी को शुभकामनाएं ,किसी भी थाना क्षेत्र में थाने का भवन महत्वपूर्ण होता है, प्रांगण सुंदर,स्वच्छ होने की बहुत जरूरत होती है,जिससे आम जन या फरियादी के मन मे सकारात्मक सोच आती है,आप सभी पुलिसकर्मियों से आशा रहेगी कि नए भवन में नई ऊर्जा से कार्य करे,मेरा प्रयास है की इसी तरह दमोह के सभी थाने जल्द नए भवनों में शिफ्ट हो। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पंडित नरेंद्र व्यास ने कहा कि आज बटियागढ़ में पुलिस थाना का नया भवन मिला,हमारी वर्षो की मांग पूरी हुई उन्होंने कहा क्षेत्र का इसी प्रकार विकास हो यह हम सभी की आशा है, क्षेत्र का विधायक मंत्री बन जाता तो सभी की अपेक्षाएं और मांगे बढ़ जाती है। लोकार्पण कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे ,नरेंद्र व्यास ,कपिल शुक्ला,अरविंद सिंह, राघवेंद्र सिंह ,जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंगल कुशवाहा के अलावा पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, एस.डी.एम. निकेत चौरसिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी, एस.डी.ओ.पी रघु केशरी ,मगरोंन थाना प्रभारी बी.एल पटेल, आरक्षक विपेश चौबे,प्रधान आरक्षक नीरज रावत, थाना प्रभारी दमोह देहात रचना मिश्रा, चौकी प्रभारी फुटेरा श्री दुबे, नरसिंहगढ़ थाना प्रभारी, प्रसिता कुर्मी , पथरिया टी.आई सुधीर बेगी सहित पुलिसकर्मियों की उपस्थिति रही, मंच संचालन शिक्षक माधव प्रसाद पटेल ने किया, आभार थाना प्रभारी बटियागढ़ ने व्यक्त किया।

# युवा कांग्रेस चलायेगी सदस्यता अभियान- शेखर नलवंशी



**दमोह।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव राहुल गांधी एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चित्र की मंशानुसार सागर संभाग के युवा कांग्रेस कोर्डिनेटर शेखर मलवंशी का जिला कांग्रेस कार्यालय में आगमन हुआ। वहाॅ आयोजित युवा कांग्रेस की बैठक एवं पत्रकार वार्ता को संवोधित करते हुए शेखर मलवंशी ने कहा कि युवा कांग्रेस का वह कार्यकर्ता जो पंचायत एवं वार्ड स्तर पर सर्वाधिक सदस्यता करवायेगा उन्ही मे से अध्यक्ष उपाध्यक्ष महासचिव का चुनाव की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए वह आये है। जिससे युवा कांग्रेस का चुनाव स्वतंत्र और पारदर्शित तरीके से संचालित किया जा सके। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि आलाकमान ने युवा कांग्रेस में जो चुनाव प्रक्रिया तय की है वह स्वागत योग्य है और इस चुनाव में वह भरपूर सहयोग करेगे किन्तु कोई व्यक्ति जो कांग्रेस का सदस्य भी न हो उसे जिला कांग्रेस बर्दास्त नहीं करेगी। लालचंद राय, रजनी ठाकुर, दिनेश रैकवार, बबलु भटट, भूपेन्द्र आजमानी, मंजीत यादव, रफीक खान, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, शांतनु मिश्रा, अभिषेक डिम्हा, अरविन्द अवस्थी, अमित नामदेव, अनुज ठाकुर, जावेद खान, ए.के. चिश्ती ने भी व्यक्तिगत मुलाकात करते हुए कहा कि जिले के युवाओ को आज भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति समझ में आ चुकी है और वह कांग्रेस से जुडने को आतुर है।

# ट्रेन में सोना व नगदी से भरा बैग ले भागा बदमाश


### पीडित परिवार ने लगाई न्याय की गुहार

**दमोह।** शनिवार को ट्रेन में बड़ी मात्रा में सोने से भरा बैग व नगदी लेकर लुटेरा युवक लेकर फरार हो गया। इस घटना से पीड़ित लोगो कलेक्ट्रेट पहुंचकर बैठक के बाद मंत्री लखन पटैल को उक्त घटना बताई एवं बाद में कलेक्टर को भी पूरी घटना की जानकारी देकर न्याय की गुहार लगाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह के जटाशंकर निवासी नेमा परिवार के लोग शादी में शामिल होने के लिये दमोह से कटनी जाने वाली ट्रेन में सफर कर रहे थे। इसी दौरान पथरिया फाटक के पास एक लुटेरे युवक ने ऐसी कोच में चढकर सोने से भरा बैग लेकर भाग गया। परिवार के लोगो को यह घटनाक्रम बाद में समझ आया जब उक्त युवक वहां से भाग गया। पीड़ित परिवार ने घटना की सूचना कटनी में जीआरपी को दी । दमोह पहुंचकर कलेक्ट्रेट आकर भी सूचना दी। परिजनों ने बताया कि 16 अप्रैल की रात्रि में भोपाल सिंरौली ट्रेन में ऐसी कोच में बैठे थे। दरवाजे के बाजू से ही हमारी सीट थी। अचानक से एक व्यक्ति आया व एकदम से बैग उठाकर भाग गया। परिजनों के अनुसार बैग में सोना व पच्चीस हजार रूपये नगद रूपये रखे हुये थे। तत्काल कूदकर देखा तो वहां कोई नहीं दिखा। इसी रिपोर्ट उन्होने कटनी जीआरपी में दर्ज कराई है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर का कहना है कि परिजनों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर दमोह एसपी व रेल्वे पुलिस से बात की गई है। रेल्वे पुलिस जबलपुर के एसपी को भी मामले की सूचना दी गई है । रेल्वे व पुलिस विभाग ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## पहली बार दमोह से सीधे नागपुर चलेगी स्पेशल, ट्रेन सप्ताह में 2 दिन संचालन, शुरुआत 24 अप्रैल से

### सांसद राहुल सिंह लोधी के सतत प्रयासों से अब दमोह से सीधे नागपुर के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

दमोह।



क्षेत्र वासियों द्वारा लगातार दमोह से नागपुर ट्रेन के लिए मांग उठाई जा रही थी। चूकि काफी समय से देखा है दमोह से सीधे नागपुर के लिए कोई ट्रैन नही थी। जिसके संबंध में दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी द्वारा ट्रेन की उपयोगिता हेतु सतत प्रयास किये जा रहे थे। मरीजों के इलाज की सुविधा एवं अन्य साधारण यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने रेल मंत्री, अश्विनी वैष्णव जी से आग्रह करते हुए, कोई ऐसी ट्रैन प्रारम्भ की जाए जो सीधे दमोह से सागर होते हुए नागपुर की ओर जाए की मांग की थी। उसी क्रम में पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा अस्थायी समर स्पेशल ट्रेन आगामी 24 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाली है, जो अस्थायी रूप से चलेगी। जिनकी समय सारणी भी दी गई है। इसके लिये दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने रेल मंत्री जी को धन्यवाद देते हुए एवं पुनः क्षेत्रवासियों को विश्वास दिलाते हुए रेल मंत्री, अश्विनी वैष्णव जी से भेंट कर समर स्पेशल अस्थाई ट्रैन को स्थायी कराने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है।

### दमोह से नागपुर

गाड़ी संख्या- 01704
दिन - गुरुवार, रविवार
रीवा से दोपहर 01:00 बजे चलकर दमोह सांयकाल 05:23 पहुचेगी। एवं अगले दिन सुबह 04:35 पर नागपुर पहुँचेगी।

### एवं नागपुर से दमोह

गाड़ी संख्या 01703
दिन - सोमवार, शुक्रवार
सुबह 06:25 बजे नागपुर से चलकर रात्रि 08:38 पर दमोह आगमन होगा।

# जबलपुर में भाजपा नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणी पर बवाल

### जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह ने सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** जबलपुर में भाजपा नेताओं के एक ऑडियो क्लिप के वायरल होने के बाद जैन समाज में भारी आक्रोश फैल गया है। वायरल ऑडियो में जैन समाज की तुलना रावण से किए जाने पर समाजजनों ने इसे गहरी आस्था और गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला बताया है। इस गंभीर मामले को लेकर जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा, दमोह ने कड़ा विरोध दर्ज करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय और प्रदेश अध्यक्ष को ईमेल के माध्यम से एक आलोचनात्मक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में संबंधित भाजपा नेताओं—विधायक प्रतिनिधि और मंडल अध्यक्ष—को तत्काल प्रभाव से पार्टी पद से हटाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि, "यह बयान न केवल जैन समाज के प्रति असम्मानजनक है, बल्कि समाज के मूल्यों, आदर्शों और शांतिप्रिय चरित्र पर सीधा प्रहार है। यदि पार्टी स्वयं को इस विचारधारा से अलग रखती है, तो उसे सार्वजनिक रूप से माफी माँगते हुए इन नेताओं को तत्काल पद से हटाना चाहिए।" जैन मिलन शाखा ने स्पष्ट किया है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो समाज के लोग प्रदेशभर में आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स हेतु चयन प्रक्रिया प्रारम्भ



**दमोह।** हॉकी दमोह के विकास जैन ने बताया कि मई माह मे बिहार के राजगीर मे खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन हो रहा है। इस हेतू हॉकी मध्य प्रदेश की टीम का गठन महासचिव लोकबहादुर के निर्देशन मे हो रहा है। आज सुबह के चरण मे मध्य प्रदेश शासन के डेयरी पशुपालन मंत्री लखन पटेल के आतिथ्य मे हॉकी टरफ मैदान पर हुआ मंत्री जी ने भारत सरकार साई की खेलो इंडिया गेम्स योजना को खिलाडियो के लिए बेहतर प्लेट फार्म बताया। उन्होंने अपने खिलाडी जीवन को के संस्मरण साझा किये। खिलाडियो को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाये दी। मंत्री जी का स्वागत हॉकी मध्य प्रदेश सहसचिव जगेनदर तोमर, राजेश सालोमन, भगवान सिंह, विजय ठाकुर, साई कोच सरोज राजपूत, हॉकी अकादमी कोच आकाछा असार, संतोष सेन, इमरान तरूण, अरमान, रितिक फरहान आदि ने किया। हाल ही मे खेली गई अस्मिता हॉकी लीग मे हॉकी दमोह की बेटियो को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी। हॉकी मध्य प्रदेश की ओर से बेटियो ने मंत्री जी को स्मृति चिन्ह भेट किया। संचालन असार व आभार ललित नायक ने माना।

### टरफ मैदान पर खिलाडियो ने दो मिनट का मौन रखा

हॉकी के पूर्व वरिष्ठ खिलाडी शंकर सिंह के निधन पर हॉकी दमोह ने भावभीनि पुष्पांजलि अर्पित की। वे अनुशासित खिलाडी रहे। उनके तीनो पुल शैलेन्द्र सिंह, अजय सिंह, अभिलाष ठाकुर भी हॉकी खिलाडी रहे। हॉकी दमोह दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार गहन दुख सह सके ऐसी ईश्वर से प्रार्थना है।

# योग आयोग व पतंजलि परिवार की संयुक्त बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शनिवार को पतंजलि परिवार एवं योग आयोग की संयुक्त बैठक का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय पटेरा में किया गया। इसमें जिला प्रभारी कृष्ण कुमार परौहा एवं अशोक पाठक सहायक सचिव योग आयोग (पटेरा) द्वारा सर्वसम्मति से योग आयोग की नवीन ब्लॉक समिति का गठन किया गया। अशोक पाठक द्वारा 10 मई 25 से 10 जून 25 तक मासिक सह-योग प्रशिक्षण का आगाज किया गया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के चारों संगठन के पदाधिकारी एवं योग आयोग के सभी सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में राजेश नेमा (अध्यक्ष पतंजलि योग समिति पटेरा) द्वारा सभी योग साधकों से इस प्रशिक्षण का लाभ लेने की अपील की गई एवं राम सागर तिवारी (अध्यक्ष ब्लॉक योग आयोग पटेरा) द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# बांसा तारखेड़ा में 21 से 27 तक होगा भव्य पंचकल्याणक महोत्सव

**दमोह ।** दमोह जिले के ग्राम बांसा तारखेड़ा में आगामी 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक श्री 1008 श्रीमजिनेंद्र पंच कल्याण प्रतिष्ठा गजरथ महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। नगर गौरव ज्ञान रत्नाकर आचार्य श्री 108 उदार सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 उपशांत सागर जी महाराज संसंघ सानिध्य में यह आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर के दमोह सागर हाईवे पर श्री मुनिसुब्रत तीर्थ पर पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियां जोरों पर है। बाल ब्रह्मचारी सुनीता दीदी के निर्देशन में यह आयोजन हो रहा है। प्रतिष्टाचार्य के रूप में ब्रह्मचारी जय निशांत जी पंचकल्याणक महा महोत्सव संपन्न कराएंगे। पंच कल्याणक महोत्सव के पहले दिन ध्वजारोहण एवं गर्भ कल्याण की पूर्व क्रियाएं होगी, पंचकल्याणक के दूसरे दिन 22 अप्रैल को गर्भ कल्याण के उत्तर रूप की क्रिया की जाएगी, तीसरे दिन 23 अप्रैल को जन्म कल्याणक, 24 अप्रैल को तप कल्याणक, 25 अप्रैल को ज्ञान कल्याणक पूर्व रूप एवं 26 अप्रैल को ज्ञान कल्याणक उत्तर रूप होगा।

